डम्पर की टक्कर से दम्पती सहित तीन की मौत, बच्चा गंभीर

बाघराय थाना क्षेत्र के छेवंगा चौराहे के पास हुआ हादसा

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के छेवंगा चौराहे के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार डम्पर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के गयासपुर मौली गांव के लोहारन पुरवा निवासी नोखेलाल भारती (३८) पुत्र ऊदल अपने बहनोई हैदर भारती (४५) पुत्र लहरी भारती उर्फ श्री मंगता, बहन रीता देवी (४१) और पांच वर्षीय भांजे शिवम को बाइक से लेकर प्रयागराज के मऊआइमा क्षेत्र स्थित बांका जलालपुर जा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे वे बाघराय थाना क्षेत्र के छेवंगा चौराहे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नोखेलाल, हैदर और रीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सूचना पर एसडीएम अजय यादव और सीओ सदर मनोज रघुवंशी सीएचसी पहुंचे। अधिकारियों ने करीब एक घंटे तक रूककर परिजनों से बातचीत की। बाघराय थानाध्यक्ष श्रवण कुमार ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, हादसे के बाद स्थानीय लोगों में डंपरों की तेज रफ्तार को लेकर आक्रोश है। लोगों ने सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।



पूरे बीरबल में दंगल में जोर आजमाइश करते पहलवान।

जौनपुर के निगम पहलवान बने दंगल के चैम्पियन

पूरे वीरबल में अंतरराज्यीय दंगल में पहलवानों ने दिखाये दांव-पेच

लालगंज, प्रतापगढ़। ढिगवस क्षेत्र के पूरे वीरबल स्थित शशिधर नगर में विजयादशमी पर आयोजित स्व. शशिधर मिश्र अंतरराज्यीय परंपरागत दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दमखम दिखाया। फाइनल मुकाबले में जौनपुर के निगम पहलवान ने मेरठ के जाबिर पहलवान को पटखनी देकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। विभिन्न राज्यों से आए नामी पहलवानों के मुकाबले देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुटी रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ कथावाचक स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज और संयोजक ग्राम प्रधान शांतिभूषण मिश्र रज्जन ने स्व. शशिधर मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पंजाब के मौसम अली और मुजफ्फरनगर के टाइगर पहलवान के बीच मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहा। महिला पहलवानों ने भी कुश्ती के दांव-पेच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। राजस्थान की पायल सैनी ने कानपुर के अंकित को चित्त किया। बनारस के लल्ला पाठक ने कौशांबी के तोता पहलवान को, मुजफ्फरनगर के नकाबपोश ने पंजाब के आलम को तथा जौनपुर के सुनील ने बनारस के सुशील को पटखनी दी। राजस्थान के राणा पहलवान ने पंजाब के मौसम अली को हराया।

वहीं फतेहपुर के रामचंद्र और बांदा के सुमित के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। मुख्य अतिथि स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने स्व. शशिधर मिश्र के व्यक्तित्व को कुश्ती के लिए प्रेरणास्रोत बताया। विशिष्ट अतिथि ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भारतीय कुश्ती की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। संयोजक शांतिभूषण मिश्र रज्जन और शिवभूषण मिश्र सज्जन ने विजेता पहलवानों को पुरस्.त किया। रेफरी की भूमिका लालजी त्रिपाठी और कमलेश द्विवेदी ने निभाई। संचालन आद्याशरण शुक्ल और रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया।

जयघोष के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

लालगंज, प्रतापगढ़। अबीर व गुलाल तथा शंखनाद के साथ मां के जयकारों के मध्य मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विजयादशमी पर धार्मिक उत्सव के बीच विसर्जन हुआ। देवी भक्त अबीर गुलाल उडाते डीजे की धुन पर थिरकते मां दुर्गा, भगवान श्रीगणेश व कार्तिकेय तथा मां सरस्वती की प्रतिमाओं पर पुष्पवर्षा में भावविभोर दिखे।

वहीं विसर्जन को लेकर बडी संख्या में सड़कों तथा पोखरों के पास पुरूषों, महिलाओं व बच्चों को भक्तिभाव में देखा गया। विसर्जन को लेकर पोखरों के समीप आस्था के मेले का जोश व उमंग दिखा। लालगंज नगर के रायबरेली रोड, प्रतापगढ़ रोड, घुइसरनाथ रोड तथा कालाकांकर रोड के विभिन्न पाण्डालों से वैदिक पूजन अर्चन के बाद प्रतिमाओं को पोखरों के तट पर लाया गया। भक्तों की भीड़ देख एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी क्षेत्र में फोर्स के साथ देर रात तक मुस्तैद भी देखे गये। वहीं सांगीपुर, उदयपुर, अठेहा, मंगापुर, रानीगंज कैथौला, भटनी, रामपुर बावली, धारूपुर, बाबूगंज, सगरा सुंदरपुर, साहबगंज, तेजगढ़, दीवानगंज आदि स्थानों से भी प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। दूसरे दिन बुधवार को भी सगरा सुंदरपुर क्षेत्र के साथ लालगंज से भी प्रतिमाओ के विसर्जन को लेकर भक्ति व भक्त मां की आराधना में समर्पण की मुद्रा में दिखे।

पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को किया गया नमन

प्रतापगढ़। पुलिस स्मृति दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। एसपी दीपक भूकर ने कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर पुलिस शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा, राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को नमन करते हुए कहा कि शहीदों का सर्वोच्च बलिदान सदैव पुलिस बल के प्रत्येक सदस्य के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके त्याग, साहस को सदैव स्मरण किया जाता रहेगा। शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गइ

पुरानी रंजिश में छात्र पर हमला बचाने आये पिता को भी पीटा

सुवंशा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के हरपुर सौंध गांव में पुरानी रंजिश को लेकर १६ वर्षीय छात्र पर हमला करने और बचाव में आए उसके पिता को पीटने का मामला सामने आया है। शिवम यादव का आरोप है कि उनका बेटा नैतिक यादव पढ़ने के लिए घर से जा रहा था। रास्ते में गांव के चार लोगों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बेटे की चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पिता शिवम यादव को भी आरोपितों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। मामले में दोनों पक्षों ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर जांच में जुटी है।



लालगंज अझारा में काव्य पाठ करती साक्षी मासूम।

वीडियो काल पर बहन बनाने का झांसा देकर ३० हजार ठगे

पट्टी, प्रतापगढ़। साइबर ठगों ने वीडियो कॉल पर बहन बनाने का झांसा देकर युवती से ३० हजार रूपये ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने मंगलवार शाम पट्टी कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की।

रमईपुर नेवादा गांव निवासी शाहजहां पुत्री स्वर्गीय बशीर मेहनत-मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाती है। उसके मुताबिक, चार दिन पहले मोबाइल पर वीडियो कॉल आई। कॉल करने वाले ने उसे बहन बनाने का झांसा दिया और आईकार्ड फंसने की बात कहकर मदद के नाम पर ३० हजार रूपये मांगे।

बाद में अधिक रकम लौटाने का भरोसा दिया। उसकी बातों में आकर शाहजहां ने स्कैनर के माध्यम से रूपये भेज दिए। रकम मिलने के बाद आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर १९३० पर शिकायत करें।





भगवान की आरती उतारते अतिथि एवं रामलीला मैदान में धू-धू कर जलता रावण।

जो आज है, वैसा ही कभी कल नहीं होता... से कवि ने बांधा समां

लालगंज अझारा में काव्य संगम में कवियों एवं शायरों ने रचनाओं से किया मंत्रमुग्ध

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के अझारा वार्ड स्थित मां विंध्याचल धाम के समीप आयोजित आठवें काव्य संगम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। गीत, गजल, कविता और ओजपूर्ण रचनाओं के माध्यम से साहित्यकारों ने राष्ट्रीय एवं सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार किया। श्रोताओं ने तालियों के साथ रचनाकारों का उत्साह बढ़ाया।

सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संयोजक साहित्यकार अनूप प्रतापगढ़ी, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। हास्य कवि संदीप शरारती ने सरस्वती वंदना के साथ काव्य संगम का आगाज किया। अध्यक्षता ओजकवि डॉ. अंजनी अमोघ ने की, जबकि संचालन साहित्यकार रवींद्र अजनबी ने किया। लखीमपुर खीरी के गीतकार ज्ञानप्रकाश आकुल ने चांदी सोना एक तरफ, तेरा होना एक तरफ' सुनाकर खूब वाहवाही बटोरी। गीतकार डॉ. केशरी शुक्ल की पंक्ति जो आज है, वैसा ही कभी कल नहीं होता...' ने श्रोताओं को प्रभावित किया। कवयित्री साक्षी मासूम ने प्यार करें या रहने दें' सुनाकर युवाओं की तालियां बटोरीं। ओजकवि जय अवस्थी ने राष्ट्रप्रेम का भाव जगाया, जबकि हर्षित त्रिपाठी ने गजल के शेरों से श्रोताओं की सराहना हासिल की। विनीत और अनूप प्रतापगढ़ी ने भी काव्यपाठ किया। आयोजक अजय मिश्र आशीष ने अतिथियों और साहित्यकारों को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर विनय शुक्ल, राजा दुबे, प्रशांत त्रिपाठी, विकास पांडेय, संजय द्विवेदी, सुनील शुक्ल सहित अन्य साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

धू-धू कर जला रावण, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा रामलीला मैदान

प्रतापगढ़। ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विजयादशमी पर ४५ फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। श्री रामलीला समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने मेले का आनंद लिया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह रहीं। शाम चार बजे गोपाल मंदिर से रामदल निकला। शिप्टैन रोड होते हुए रावण की सेना रामलीला मैदान पहुंची, जहां प्रभु श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। श्रीराम के बाण लगते ही रावण का पुतला धू-धूकर जल उठा। इसके बाद अतिथियों और समिति के पदाधिकारियों ने श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की आरती उतारी। मुख्य अतिथि के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, सीडीओ राम मोहन मीणा और पूर्व विधायक धीरज ओझा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। समिति ने अतिथियों को सम्मानित किया। विजय रथ लक्ष्मी नारायण मंदिर और चिलबिला हनुमान मंदिर पहुंचा, जहां आरती-पूजन हुआ। मेले में झूले, मिठाइयों और खिलौनों की दुकानों पर भीड़ उमड़ी। जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से आयोजन सकुशल संपन्न हुआ।

दुर्गा पूजा पण्डाल में अराजकतत्वों ने लगायी आग, शिकायत

लालगंज, प्रतापगढ़। दुर्गा पूजा पाण्डाल में आगजनी की घटना को लेकर पीड़ित ने बुधवार को पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर पूरे वैदन गांव में नौ दुर्गा पूजा सेवा समिति के सदस्यों द्वारा दुर्गा पूजा पाण्डाल लगाया गया था।

गांव के संदीप दुबे पुत्र राधेश्याम दुबे व कुलदीप तिवारी पुत्र प्रदीप तिवारी ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस अक्टूबर की रात अज्ञात अराजकतत्वों ने दुर्गा पूजा पाण्डाल में आग लगा दिया। आग लपटें उठती देख आसपास के लोग पहुंचे और खासी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सूचना पर डॉयल एक सौ बारह पुलिस पहुंची और जांच कर वापस लौट गयी। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि बीते दो वर्ष से आगजनी की घटना अराजकतत्वों द्वारा की जा रही है।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1970569 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र खो गया है। कपिल कुमार यादव पुत्र कालूराम ग्रा0 पूरे गुलाल, पो0 उड़ैयाडीह जनपद-प्रतापगढ़।

सूचना

मेरा सही नाम देवांश पटेल है, मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम शिवेन्द्र पटेल अंकित है, जो गलत है। मुझे देवांश पटेल के ही नाम से जाना व पहचाना जाय। अन्य अभिलेखों में भी मेरा नाम देवांश पटेल अंकित होना चाहिये। देवांश पटेल पुत्र तुलसीराम पटेल निवासी ग्राम मालाधर छत्ता, पो0 मछेहा हरदोपट्टी, थाना-महेशगंज, तह0 कुण्डा, जनपद-प्रतापगढ़।

मां शेरावाली के जयकारों के बीच धूमधाम से विसर्जित हुई दुर्गा प्रतिमाएं

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर क्षेत्र में शारदीय नवरात्र के बाद मंगलवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। मां शेरावाली के जयकारों, अबीर-गुलाल और डीजे की धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। कालाकांकर और नवाबगंज गंगा घाट पर विभिन्न गांवों से लाई गई प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

नौ दिनों तक पूजा-पंडालों में मां दुर्गा की आराधना के बाद दसवें दिन श्रद्धालु प्रतिमाओं को लेकर निकले। विसर्जन जुलूस में गाजे-बाजे, भांगड़ा और घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। परियावां की झांकियों में राम, लक्ष्मण और हनुमान की टोली ने लोगों का मन

डीजे की धुन पर नाचते-गाते निकले श्रद्धालु

मोह लिया। माता मैया धाम की प्रतिमा के साथ भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कालाकांकर घाट पर खोदे गए तालाबनुमा गड्ढे में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। वहीं, नवाबगंज गंगा घाट पर भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। विसर्जन से पहले पूजा समितियों ने धूप-दीप जलाकर आरती की और मां के चरणों में शीश नवाया। विसर्जन यात्रा को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहा। इस दौरान अर्जुन कुमार गुप्ता, अश्वनी मोदनवाल, राजकुमार मोदनवाल, पवन कुमार अग्रहरि, गुलशन कुमार अग्रहरि, सतीश चौरसिया, हिमांशु, दीपक साहू सहित दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी और श्रद्धालु मौजूद रहे।

धान काटने गयी महिला का तालाब के पास मिला शव, सनसनी

रानीगंज, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के थरिया स्थित लहर देवा तालाब के पास बुधवार को धान काटने गई महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस के अनुसार, बुधवार की दोपहर करीब १२.३० बजे कुलदीप सरोज पुत्र सुरेश सरोज निवासी कोड़रडीह थरिया ने थाने पहुंचकर सूचना दी कि उनकी मां प्रभावती देवी पत्नी सुरेश सरोज धान काटने गई थीं। उनका शव लहर देवा तालाब के पास पड़ा मिला। प्रभावती देवी मूल रूप से साड़ी खुर्द, थाना सुजानगंज, जिला जौनपुर की निवासी थीं और वर्तमान में कोड़रडीह थरिया में रह रही थीं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

युवक की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

सांगीपुर, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे शोभा सिंह आमीशंकरपुर गांव निवासी युवक की हरिद्वार सड़क दुर्घटना में हुई मौत की सूचना मिलने पर यहां परिजन रोने बिलखने लगे। गांव निवासी शिवांशु सिंह पुत्र दुर्गाबक्श सिंह देहरादून में रहकर पढ़ाई करता था। बीते मंगलवार की शाम वह अपने साथियों के साथ कार से हरिद्वार पिता के पास जा रहा था। रास्ते में कार डिवाइडर से टकरा गयी। दुर्घटना में शिवांशु को गंभीर चोटें आ गयी। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह शिवांशु की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। परिजन घर से हरिद्वार के लिए निकले हैं।



लालगंज के भरत मिलाप का भावुक दृश्य।

भरत मिलाप को लेकर लालगंज में उमड़ी भारी भीड़

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर की बाजार में सोमवार की रात भरत मिलाप को लेकर चारों तरफ से उमड़ी भीड़ को लेकर पुलिस व प्रशासन पसीने से तर बतर हो उठा। अगले दिन सुबह करीब साढ़े चार बजे कालाकांकर रोड पर श्रीराम जयघोष के मध्य भरत मिलाप देख लोगों की आंखे नम हो उठीं।

भरत मिलाप को लेकर उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोतवाल आलोक कुमार पूरी रात फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर मशक्कत करते दिखे। भरत

श्रीराम का चहुंओर गूंजा जयघोष

मिलाप को लेकर चौक समेत विभिन्न पाण्डालों व मार्गों पर विद्युत सजावट को लोग निहारते दिखे। वहीं कई दलों द्वारा डीजे की भी प्रतियोगिता अनूठी दिखी। डीजे की धुन पर आयोजन समिति के साथ आम दर्शक भी रात भर थिरकते दिखे। भीड़ को बढ़ता देख पुलिस व प्रशासन ने नेशनल हाइवे के प्रतापगढ़ रोड पर धधुआ गाजन तथा संगम चौराहे व रायबरेली रोड पर राजेन्द्र नगर तथा घुइसरनाथ रोड पर छोटी नहर मोड़ के समीप बैरीकेटिंग कर बड़े वाहनों को प्रतिबंधित कर रखा था।

वहीं भरत मिलाप को लेकर विभिन्न कमेटियों द्वारा निकाली गयी आकर्षक झांकियों को भी देखने के लिए भीड़ लालायित दिखी।

विसर्जन से लौट रहे युवक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

पट्टी, प्रतापगढ़। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहे युवक की नीचे गिरने के बाद पहिये के नीचे आने से मौत हो गई। हादसा मंगलवार देर शाम ढाढर गांव में आरा मशीन के पास हुआ। दीपक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वह परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के आमापुर बाजार निवासी दीपक (३२) पुत्र रामदास मंगलवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए गया था।

देर शाम वह अन्य लोगों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहा था। ढाढर गांव में अचानक वह ट्रॉली से नीचे गिर गया। इसी दौरान ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी ले

परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था दीपक

जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अखिलेश जायसवाल ने मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश चौरसिया पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

दीपक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। चार भाइयों में सबसे बड़ा दीपक ही परिवार का खर्च चलाता था। उसकी मां सुमित्रा, भाइयों विनय, राहुल, विपिन और बहनों शिवानी व खुशी का रो-रोकर बुरा हाल है।

दीपक ने बहन शिवानी की शादी भी तय कर रखी थी। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।

घर जाने के लिए निकला बालक लापता फोन कर मांगे रुपये

सुवंशा, प्रतापगढ़। फतनपुर थाना क्षेत्र के कमासिन गांव से घर जाने के लिए निकला १२ वर्षीय बालक लापता हो गया। परिजनों के मुताबिक, फोन करने वाला व्यक्ति बच्चे के कानपुर में सुरक्षित होने का दावा कर एक हजार रूपये मांग रहा है। परेशान मां ने पुलिस से शिकायत की है।

कंचन देवी पुत्री बंसीलाल के अनुसार, उनका बेटा अनिकेत २० अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे ननिहाल कमासिन से साइकिल लेकर घर जाने के लिए निकला था, लेकिन नहीं पहुंचा। परिजनों ने काफी खोजबीन की और सोशल मीडिया पर भी जानकारी साझा की। आरोप है कि बुधवार सुबह एक मोबाइल नंबर से फोन कर बच्चे को सुरक्षित घर पहुंचाने के नाम पर एक हजार रूपये मांगे गए। फोन करने वाले ने कभी कानपुर तो कभी बिहार में होने की बात कही। बार-बार पैसों की मांग से परेशान महिला ने स्थानीय थाने में शिकायत दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विधान परिषद चुनाव को लेकर अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

प्रतापगढ़। विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-२०२६ को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में मतदान समाप्ति के बाद शील्ड मतपेटिकाओं और महत्वपूर्ण निर्वाचन अभिलेखों की प्राप्ति, जांच, पैकिंग तथा सुरक्षित रखरखाव की प्रक्रिया समझाई गई।

जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना और अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद मौर्य के संयोजन में आयोजित प्रशिक्षण में सभी तहसीलों के जोनल मजिस्ट्रेट सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। सुपर मास्टर ट्रेनर डॉ. विंध्याचल सिंह, डॉ. मोहम्मद अनीस, धर्मेंद्र कुमार ओझा और अफीम कोठी के प्राचार्य संतोष गुप्ता ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सामग्री उपलब्ध कराने और मतदान के बाद पोलिंग पार्टियों से शील्ड मतपेटिका व अभिलेख प्राप्त करने की प्रक्रिया बताई। साथ ही नौ सांविधिक और १० असांविधिक लिफाफों सहित आवश्यक अभिलेखों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त करने की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने निर्वाचन सामग्री को सीरियलवार व्यवस्थित कर सुरक्षित पैकिंग और नामित नोडल अधिकारियों को सौंपने की प्रक्रिया समझाई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा ने निष्पक्षता, पारदर्शिता और आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। इस मौके पर रणवीर, जयप्रकाश क्वालिटी कोऑर्डिनेटर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



नगर के जीआईसी में पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का जायजा लेते डीएम अभिषेक पाण्डेय।

डीएम ने परखी पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल की व्यवस्थाएं

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन-२०२६ को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने जीआईसी स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियों की रवानगी, निर्वाचन सामग्री की उपलब्धता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की

कल विधान परिषद चुनाव के लिए होगा मतदान

जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि २३ अक्टूबर को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, जिससे पोलिंग पार्टियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराई जाए। पोलिंग पार्टियों को निर्धारित मतदान केंद्रों तक सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने रवानगी स्थल पर अनुशासन, व्यवस्था और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद मौर्य सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

फ़तेह बहादुर इण्टर कालेज

हीरागंज, ऐन्धा-प्रतापगढ, (उ.प्र.) पिन कोड-230205

विद्यालय में सहायक लिपिक 01 पद की आवश्यकता है।

शिक्षा निदेशक मा0 उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश पत्रांक स0-1 (शि.) वाद/1436-39/2026-27 दिनाँक 18-05-2026 तथा जि0 वि0 नि0 प्रतापगढ़ के आदेश पत्रांक/2685/2026- 27 दिनांक 21-05-2026 द्वारा संस्था में रिक्त अनारक्षित सहायक लिपिक के 01 पद को इण्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 के अध्याय तीन के विनियम 101 तथा शासनादेश संख्या 2058/15-05-2021-1000(350)/2014 मा0 शिक्षा अनुभाग 5 लखनऊ दिनाक 25-11-2021 शासनादेश-1154/15-05-2022 1000 (359) / 2014 दिनांक 04-07-2022 एंव शासनादेश संख्या 1154/15-05-2023-1600 (359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 24-07-2023 में प्राविधानित व्यवस्थानुसार-शासन द्वारा अनुमन्य वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2000 वेतन पर सीधी भर्ती से भरा जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन की तिथि से 22 दिन दिनांक 13.11.2026 के अन्दर निर्धारित प्रारुप पर अपना आवेदन पत्र समस्त अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति एंव आवेदन शुल्क अनारक्षित एवं पिछड़ा वर्ग के लिए 750 रु0 तथा अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति व इ0 डब्लू एस हेतु 500 रु0 का बैंक ड्राफ्ट / पोस्टल आर्डर प्रबन्धक फ़तेह बहादुर इण्टर कालेज हीरागंज, ऐन्धा-प्रतापगढ पिन कोड-230205 के पते पर पंजीकृत डाक से एंव उसकी छायाप्रति जि0 वि0 निरीक्षक प्रतापगढ की ईमेल आईडी-rmsa.pratapgarh@gmail.com पर दिनांक 13.11.2026 को सायं 5 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें। आयु सीमा 13.11.2026 को न्यूनतम 18 वर्ष एंव अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। आयु सीमा में छूट नियमानुसार अनुमन्य होगी।

अर्हता-

1- उ0प्र0मा0शि0परि0 द्वारा इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।
2-कम्प्यूटर संचालन का डोयेक / निलिट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. का प्रमाणपत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था में समकक्ष अथवा उच्च स्तर का प्रमाणपत्र ।
3-कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्युनतम 25 शब्द प्रति मिनट एंव अंग्रेजी टंकण गति न्युनतम 30 शब्द प्रति मिनट ।
4-पी0ई0टी0 में 50 प्रतिशत एवं अधिक परसेन्टाइल स्कोर।

अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में लिपिक भारती हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र

1. आवेदित संस्था का नाम ....
2. अभ्यर्थी का नाम ....
3. पिता/पति का नाम ....
4. माता का नाम ....
5. जन्मतिथि..............................
6. लिंग-- महिला............पुरुष.. ....
7. वर्ग- सामान्य............./अन्य पिछड़ा वर्ग............../अनुसूचित जाति.........../अनुसूचित जनजाति............./दिव्यांग.........
8. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग- हाँ...................... नहीं..................
9. क्या आप विवाहित हैं- हाँ... ....नहीं..................
10. क्या आप उत्तरप्रदेश के निवासी हैं..
11. गृह जनपद का नाम...
12. गृह राज्य का नाम ....
13. मोबाइल नम्बर ....
14. ई-मेल. ....
15. शैक्षिक योग्यता-

योग्यता	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	उत्तीर्ण वर्ष	अनुक्रमांक	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत
हाई स्कूल						
इण्टरमीडिएट						
स्नातक						

16. उत्तरप्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित पी0ई0टी0 परीक्षा का विवरण
पंजीकरण संख्या ....अनुक्रमांक..................
वास्तविक स्कोर............................ नर्मलाइज्ड स्कोर......................
परसेंटाइल......................................
17. कंप्यूटर संचालन का डोयक/निसिट द्वारा प्रदत्त सी0सी0सी0 प्रमाणपत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र का विवरण।
18. कंप्यूटर टंकण कि गति हिंदी भाषा में 25 व अंग्रेजी भाषा में 30 शब्द प्रति मिनट ।
19. स्थायी पता...
20. अस्थायी पता/पत्र व्यवहार का पता.... ....
21. पोस्टल आर्डर / बैंक ड्राफ्ट का विवरण.. ....
22. घोषणा
1. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापन के अनुसार सभी नियम व शर्तें पढ़ ली है और मैं इसे स्वीकार करता/करती हूँ।2. मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन में की गयी सभी प्रविष्टिया/विवरण पूर्ण और सही है। यदि उक्त आवेदन में कोई तथ्य गोपन किये गये हैं तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा ।
नोट- उक्त समस्त प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न की जाए।
दिनांक ....   अभ्यर्थी के हस्ताक्षर.......................